>**Title:** Demand to protect the Scheduled Caste people from the captivity of the dacoits in Murena district, Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की ओर दिलाना चाहता हूं जहां अनुसूचित जाति के लोगो को डाकू पकड़कर ले जाते हैं और लाखों रुपयों की फिरौती लेकर छोड़ते हैं। अभी भी मुरैना जिले के कम से कम दस आदमी डाकुओं को कब्जे में हैं। राज्य सरकार की ओर से उनको छुड़ाने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वे खेतों में काम नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में काम करने जाते हैं तो डाकू उनको पकड़कर ले जाते हैं, यह स्थिति वहां की बनी हुई है। मेरा आपसे अनुरोध है कि मध्य प्रदेश सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया जाए और जो लोग डाकुओं के कब्ज़े में हैं उनको छुड़ाया जाए और जो अनुसूचित जाति के लोग शस्त्र लाइसेन्स चाहते हैं, उनको शस्त्र लाइसेन्स दिलाए जाएं।

डॉ.रामकृण कुसमरिया (दमोह) : अध्यक्ष महोदय, यह जो डाकुओं की समस्या है, वहां पर जो दलित वर्ग के लोग हैं, हरिजन लोग हैं, उनका इंटेन्शनली अपहरण करके परेशान किया जारहा है। सारे बुंदेलखंड में इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं और उसमें मुख्य मंत्री कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं और इससे वहां का माहौल खराब होता जा रहा है।â€¦(व्यवधान)